भोपाल, शनिवार
05
अप्रैल-2025

दैनिक
# पीपुल्स प्रवक्ता

भोपाल, ग्वालियर से एक साथ प्रकाशित

/Peoplespravakta

E-paper www.peoplespravakta.com | वर्ष : 08 | अंक : 356 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 02 रुपए | E-mail Peoplespravakta@gmail.com

**सुविचार**

भगवान ने सिर्फ
दो ही रास्ते दिए हैं।
या तो देकर जाइए
या फिर छोड़कर जाइए।
साथ ले जाने की
कोई व्यवस्था नहीं है
इसलिए सदा प्रसन्न रहें।

## न्यूज ब्रीफ

### दिग्गज अभिनेता मनोज कुमार का 87 साल की उम्र में निधन

**मुंबई।** भारतीय अभिनेता और फिल्म निर्देशक मनोज कुमार का शुक्रवार सुबह निधन हो गया। वे 87 साल के थे। उन्हें अपनी देशभक्ति फिल्मों के लिए जाना जाता था। उनकी देश प्रेम वाली फिल्मों के लिए उन्हें भारत कुमार के नाम से भी जाना जाता था। उन्होंने कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में अंतिम सांस ली। इस खबर के बाद पूरे देश में शोक की लहर है। दोपहर बाद विशाल टॉवर, जुहू में उनके अंतिम दर्शन किए जा सकेंगे। कल सुबह पवन हंस श्मशान घाट, जुहू में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। मेडिकल रिपोर्ट के मुताबिक, भारत कुमार के नाम से मशहूर अभिनेता ने सुबह 3 :30 बजे अंतिम सांस ली। उनके निधन की वजह दिल का दौरा बताई गई। रिपोर्ट ने यह भी पुष्टि की गई कि मनोज कुमार पिछले कुछ महीनों से डीकंपेंसेटेड लिवर सिरोसिस से जूझ रहे थे। उनकी हालत बिगड़ने के बाद उन्हें 21 फरवरी, 2025 को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### सरकार ने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह की पत्नी की सुरक्षा घटाई

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पूर्व पीएम स्व. मनमोहन सिंह की पत्नी गुरशरण कौर की सुरक्षा घटा दी है। जानकारी के मुताबिक, गुरशरण कौर को अब जेड-श्रेणी सिक्योरिटी की सुरक्षा मिलेगी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि केंद्र ने समीक्षा के बाद दिवंगत प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की पत्नी गुरशरण कौर की सशस्त्र सुरक्षा घटाकर जेड श्रेणी कर दी है। पिछले साल 26 दिसंबर को 92 वर्ष की आयु में दिवंगत हुए पूर्व प्रधानमंत्री के निकटतम परिवार से होने के कारण उन्हें पहले जेड-प्लस श्रेणी की केंद्रीय सुरक्षा दी गई थी। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय खुफिया एजेंसियों की तरफ से गुरशरण कौर की सुरक्षा की हाल ही में की गई समीक्षा में उन्हें जेड श्रेणी में रखने का प्रावधान किया गया है, जो सुरक्षा का दूसरा सबसे उच्च स्तर है। इसके बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) वीआईपी सुरक्षा विंग को कौर के लिए जेड श्रेणी के अनुसार कर्मियों की संख्या और प्रोटोकॉल कम करने का निर्देश दिया है। सूत्रों ने बताया कि उन्हें निजी सुरक्षा के साथ-साथ उनके घर की सुरक्षा के लिए करीब 12 सशस्त्र कमांडो की सुरक्षा मिलेगी।

### पुर्तगाल-स्लोवाकिया का दौरा करेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सात से 10 अप्रैल को चार दिवसीय दौरे पर पुर्तगाल और स्लोवाकिया जाएंगी। वह 7-8 अप्रैल को पुर्तगाल में रहेंगी। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) तन्मय लाल ने जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति की पुर्तगाल यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब भारत और पुर्तगाल राजयनिक संबंधों की 50वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। विदेश सचिव तन्मय ने राष्ट्रपति मुर्मू की पुर्तगाल और स्लोवाकिया यात्रा को लेकर प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति मुर्मू की पुर्तगाल यात्रा ऐतिहासिक है, क्योंकि किसी भारतीय राष्ट्रपति की 27 साल बाद पुर्तगाल यात्रा हो रही है। राष्ट्रपति मुर्मू पुर्तगाल के अपने समकक्ष मार्सेलो रेबेलो डी सूसा के निमंत्रण पर वहां का दौरा करेंगी।

### अमेरिका में हिंदू मंदिरों पर भारत-विरोधी कलाकृति बनाने की घटनाएं बढ़ी

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय (एमईए) ने शुक्रवार को कहा कि हाल के महीनों में अमेरिका में हिंदू मंदिरों पर भारत विरोधी चित्रों के इस्तेमाल की घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने शुक्रवार को लोकसभा में एक लिखित जवाब में बताया कि अमेरिका में हाल के महीनों में हिंदू मंदिरों पर हमला करने और भारत-विरोधी चित्र लिखने की घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार विदेशों में रहने वाले भारतीयों और प्रवासी भारतीय समुदाय की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। किसी भी मंदिर या पूजा स्थल पर हमले की जानकारी मिलते ही उसे अमेरिका सरकार के सामने राजनयिक माध्यमों से उठाया जाता है।

**मुख्यमंत्री का दतिया में शराबबंदी लागू करने पर हुआ भव्य नागरिक अभिनंदन**

# धार्मिक नगरों में पवित्र भाव और परिवारों में स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के लिए लागू की शराबबंदी: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

- पीताम्बरा माई सहित देवी माँ की कृपा वाले सभी स्थानों को देवी लोक के रूप में किया जाएगा विकसित
- प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने जो कहा वो करके दिखाया
- राज्य सरकार सबके कल्याण के लिए समर्पित




**पीपुल्स प्रवक्ता, भोपाल।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वसुधैव कुटुंबकम के विचार वाली भारतीय संस्कृति संपूर्ण विश्व को परिवार मानती है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में इस सिद्धांत पर चल रही राज्य सरकार सभी के हित और कल्याण के लिए समर्पित है। परिवारों का वातावरण खराब न हो, मेहनत से कमाए गए पैसे का उपयोग परिवार के हित में हो, यह सुनिश्चित करने के लिए ही शराबबंदी लागू की गई है। धार्मिक नगरों में पवित्र भाव की अनुभूति होती है, अत-प्रदेश में विद्यमान 19 देव-स्थानों की गरिमा को बनाए रखने के लिए ही इन स्थानों पर शराबबंदी लागू की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव माँ पीताम्बरा की नगरी दतिया में शराबबंदी लागू करने के लिए आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में जन-प्रतिनिधियों और नागरिकों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का दतिया में शराबबंदी के लिये नागरिक अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दतिया सहित प्रदेश में जहां-जहां देवी मां की कृपा है, वहां देवी लोक विकसित किए जाएंगे। चित्रकूट सहित भगवान श्रीराम से जुड़े प्रदेश के सभी स्थानों का श्रीराम वनपथ गमन मार्ग के अंतर्गत उन्नयन किया जा रहा है। इसी प्रकार भगवान श्रीकृष्ण की जहां-जहां भी लीलाएं हुई, उन स्थानों को भी तीर्थ के रूप में विकसित करने के लिए बजट में प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सनातन संस्कृति के मूल भाव सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामय के अनुरूप राज्य सरकार सबके कल्याण के लिए ही समर्पित भाव से काम कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था कृषि आधारित है। राज्य सरकार के लिए कृषकों का हित सर्वोपरि है, किसानों को उनकी मेहनत और उपज का सही दाम मिले, यह सुनिश्चित करने के लिए ही 2600 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर गेहूं खरीदा जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रदेश के लिए केन-बेतवा लिंक परियोजना और चंबल-काली सिंध-पार्वती नदी जोड़ों परियोजना जैसी सौगात प्रदेश को दी है। साथ ही तापी मेगा रिचार्ज परियोजना को भी स्वीकृति प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों से जमीन नहीं बेचने का आहवान करते हुए कहा कि इन नदी जोड़ो परियोजनाओं से दतिया भी लाभान्वित होगा और किसान परिवारों का खुशहाल जीवन सुनिश्चित है। डबल इंजन की सरकार में जनता का हित सर्वोपरि है, प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने जो कहा वह करके दिखाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अनावश्यक खर्चों से परहेज करने के लिए जनसामान्य को प्रेरित करते हुए कहा कि विवाह और मृत्यु भोज जैसे आयोजनों में अनावश्यक खर्च करना व्यर्थ है। अपने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई और उनके भविष्य निर्माण पर ध्यान देना ही परिवारों की सर्वोच्च प्राथमिकता होना चाहिए। हर गरीब को रहने के लिए पक्का मकान, हर जरूरतमंद के लिए भोजन की व्यवस्था जैसी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश में संचालित सर्वांगीण विकास और जन-कल्याण की गतिविधियां राम राज्य के आदर्श के समान है। पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दतिया सहित प्रदेश के अनेक धार्मिक शहरों में शराबबंदी का जो निर्णय लिया है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। शराब की लत के कारण अनेक परिवार परेशानी झेलते हैं। डॉ. मिश्रा ने कहा कि प्रदेश में युवाओं को रोजगार उपलब्ध हों, इसके लिये मुख्यमंत्री द्वारा न केवल देश में बल्कि विदेशों में जाकर उद्योगपतियों से चर्चा कर प्रदेश में उद्योग स्थापित करने के सार्थक प्रयास किए हैं। उनके प्रयासों से ही अनेक उद्योगपतियों ने प्रदेश में आकर उद्योग धंधे स्थापित कर लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया है। विधायक सेवढ़ा श्री प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि माँ पीताम्बरा की नगरी दतिया में शराबबंदी का जो ऐतिहासिक निर्णय मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लिया है।

### मुख्यमंत्री ने माँ पीताम्बरा के दर्शन कर पूजा-अर्चना की

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को दतिया में माँ पीताम्बरा माई के दरबार में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। उनके साथ पूर्व गृह मंत्री डॉ. मिश्रा सहित जन-प्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।



## भूटान के पीएम ने पीएम मोदी को बताया बड़े भाई और गुरु

### भारत की तारीफों के बांधे पुल



**बैंकॉक।** भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे ने भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपने संबंधों को लेकर बयान दिया है। उन्होंने पीएम मोदी को अपना बड़ा भाई और गुरु बताते हुए कहा कि भारत की मदद और मार्गदर्शन ने भूटान के विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। उन्होंने बताया कि भूटान की 13वीं पंचवर्षीय योजना, जो जुलाई 2024 से शुरू हुई है, भारत की उदार सहायता से संभव हो रही है। इसमें 8500 करोड़ रुपये की मदद भारत से मिली है, वहीं भूटान की आर्थिक सुधार योजना के लिए 1500 करोड़ रुपये की अतिरिक्त सहायता भी दी गई है। उन्होंने कहा, भारत से कुल 10,000 करोड़ रुपये की मदद हमें मिली है, इसके लिए हम बेहद आभारी हैं। बिम्सटेक सम्मेलन पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि भारत का इस संगठन में नेतृत्व बहुत अहम है। उन्होंने कहा, पीएम मोदी इस क्षेत्र के सबसे बड़े नेता हैं, और बिम्सटेक की क्षमता को साकार करने में उनकी भूमिका खास है। बिम्सटेक सम्मेलन में भूटान का फोकस प्राकृतिक आपदाओं के लिए एक त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र बनाने पर था। उन्होंने कहा, जब म्यांमार में हाल में भूकंप आया, तो भारत पहला देश था जिसने मदद भेजी। बिम्सटेक को ऐसी स्थिति में मिलकर काम करने की जरूरत है। तोबगे ने बताया कि उन्होंने पीएम मोदी का लेक्स फ्रीडमैन के साथ पॉडकास्ट हिंदी और अंग्रेजी दोनों में सुना। उन्होंने कहा, हिंदी कम समझ में आती है, लेकिन मैं फिर भी मूल भाषा में सुनना चाहता था। मुझे लगा जैसे मैं किसी आध्यात्मिक गुरु को सुन रहा हूं।

### गलेफू माइंडफुलनेस सिटी भूटान का भविष्य

गलेफू माइंडफुलनेस सिटी के बारे में उन्होंने बताया कि यह भूटान के भविष्य के लिए एक बड़ा सपना है जिसे राजा ने शुरू किया है। यह शहर एक विशेष प्रशासनिक क्षेत्र के रूप में विकसित हो रहा है, और भारत ने इस परियोजना को पूरा समर्थन दिया है। इसके तहत भारत और भूटान को जोड़ने वाली पहली रेलवे लाइन भी बनाई जा रही है।

## थाईलैंड से श्रीलंका रवाना हुए पीएम मोदी, तीसरे कार्यकाल में पहली बार कर रहे दौरा



**बैंकॉक/कोलंबो ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बैंकॉक में थाईलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनावात्रा को आंध्र प्रदेश से मोर और दीया के साथ पीतल की उरली भेंट की। यह पारंपरिक पीतल शिल्प कौशल का एक उत्कृष्ट नमूना है, जो पवित्रता, सकारात्मकता और प्रचुरता का प्रतीक है। पारंपरिक रूप से अनुष्ठानों और उत्सव की सजावट के लिए इस्तेमाल की जाने वाली इस उरली में अक्सर पानी, फूल या तैरती हुई मोमबत्तियां भरी होती हैं, जबकि दीया (तेल का दीपक) इसके आध्यात्मिक महत्व को बढ़ाता है। अपनी जटिल नक्काशी और बेहतरीन फिनिशिंग के लिए प्रसिद्ध, यह कृति आंध्र प्रदेश की समृद्ध धातुकर्म विरासत को दर्शाती है। इसकी चमचमाती पीतल की पॉलिश एक शाही आकर्षण जोड़ती है, जो इसे पारंपरिक और आधुनिक दोनों तरह के अंदरूनी हिस्सों के लिए एक कालातीत जोड़ बनाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बैंकॉक से श्रीलंका के लिए रवाना हुए। प्रधानमंत्री ने यहां बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को रक्षा संबंधों और श्रीलंका के साथ ऊर्जा, व्यापार और संपर्क में सहयोग को गहरा करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए कोलंबो के लिए थाईलैंड से रवाना हुए। प्रधानमंत्री पिछले सितंबर में कार्यभार संभालने के बाद श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके की तरफ से मेजबानी किए जाने वाले पहले विदेशी नेता होंगे। पीएम मोदी ने आखिरी बार 2019 में श्रीलंका की यात्रा की थी। 2015 के बाद से यह द्वीप राष्ट्र की उनकी चौथी यात्रा होगी।

**नाराजगी** | **बिहार में वक्फ संशोधन बिल को लेकर जारी सियासी उबाल**

# वक्फ संशोधन बिल पारित होते ही मुस्लिम कार्यकर्ताओं का नीतीश से मोहभंग, समूह में छोड़ रहे जेडीयू



**मुजफ्फरपुर।** बिहार में वक्फ संशोधन बिल को लेकर जारी सियासी उबाल ने अब जेडीयू की जड़ों को भी हिलाना शुरू कर दिया है। वक्फ बिल पर मोदी सरकार को समर्थन देने के बाद जदयू में अल्पसंख्यक समुदाय के नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच गहरी नाराजगी देखी जा रही है। अब मुजफ्फरपुर जिले से इस नाराजगी का पहला बड़ा असर सामने आया है, जहां जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव अफरीदी रहमान ने अपने 20 से अधिक समर्थकों के साथ पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा देने के साथ ही अफरीदी रहमान और उनके समर्थकों ने अपने-अपने घरों पर लगे जेडीयू के नेमप्लेट तोड़कर विरोध जताया। साथ ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। पार्टी से नाता तोड़ते हुए इन नेताओं ने नीतीश कुमार पर मुसलमानों के साथ विश्वासघात करने का गंभीर आरोप लगाया है। अफरीदी रहमान ने इस्तीफा देते हुए कहा कि वक्फ संपत्तियां हमारे पूर्वजों की धरोहर हैं। इन संपत्तियों में मस्जिद, कब्रिस्तान, मदरसा जैसी आस्थाओं से जुड़ी चीजें आती हैं, जिन्हें आजादी से पहले वक्फ किया गया था। लेकिन केंद्र सरकार ने वक्फ संशोधन बिल लाकर मुसलमानों की इन संपत्तियों को हड़पने की साजिश रची है। उन्होंने कहा कि जेडीयू जैसे धर्मनिरपेक्ष कहे जाने वाले दल का इस बिल का समर्थन करना मुस्लिमों के साथ खुला धोखा है।

### 'नीतीश ने हमें ठगा, अब पछतावा हो रहा है'

अफरीदी रहमान ने कहा कि उन्होंने वर्षों तक जेडीयू का झंडा उठाया, लोगों के बीच पार्टी की विचारधारा का प्रचार किया। लेकिन अब यह साफ हो चुका है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुस्लिम समुदाय के साथ न्याय नहीं किया। उन्होंने कहा कि हमें अफसोस है कि हमने इतनी वफादारी निभाई और अंत में हमें ही धोखा मिला। यह घटनाक्रम केवल मुजफ्फरपुर तक सीमित नहीं है। वक्फ संशोधन बिल पर जेडीयू के रुख से मुस्लिम समुदाय के नेताओं में लगातार नाराजगी बढ़ती जा रही है। पार्टी से जुड़े कई अन्य जिलों के मुस्लिम कार्यकर्ता भी अपने-अपने स्तर पर विरोध दर्ज करा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, आने वाले दिनों में अन्य जिलों से भी इस्तीफों का सिलसिला शुरू हो सकता है।

## सोनिया गांधी की टिप्पणी को लेकर भड़की बीजेपी, लोकसभा में हंगामा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी की भारतीय जनता पार्टी नीत सरकार और वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 के खिलाफ टिप्पणी पर सत्ता पक्ष के जोरदार विरोध के बाद शुक्रवार को लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई। सदस्यों ने सोनिया गांधी माफी मांगो जैसे नारे लगाने शुरू कर दिए। उन्होंने कहा था कि भाजपा देश में ध्रुवीकरण कर रही है और वक्फ (संशोधन विधेयक) संविधान पर एक खुला हमला है। हंगामे के जवाब में विपक्षी सदस्यों ने भी नारे लगाए और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत पर हाल ही में लगाए गए टैरिफ के संबंध में सरकार से जवाब मांगा। संसद के दोनों सदनों में वक्फ (संशोधन) विधेयक पारित हो गया, हालांकि विपक्ष ने दावा किया कि यह असंवैधानिक है और इससे देश की शांति और सद्भावना भंग होगी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने वक्फ (संशोधन) विधेयक पारित होने के दौरान संसदीय प्रक्रियाओं पर सवाल उठाने के लिए सोनिया गांधी की आलोचना की। ओम बिरला ने शुक्रवार को कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी का नाम लिए बिना कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक को पारित किए जाने पर उनकी टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण और संसदीय लोकतंत्र की मर्यादा के अनुरूप नहीं है। राज्यसभा सदस्य सोनिया गांधी ने आरोप लगाया था कि वक्फ (संशोधन) विधेयक,2025 को जबरन पारित किया गया और यह विधेयक संविधान पर सरेआम हमला है। बजट सत्र के आखिरी दिन, सदन में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू द्वारा सोनिया की टिप्पणी का उल्लेख किए जाने के बाद बिरला ने यह भी कहा कि एक वरिष्ठ सदस्य द्वारा लोकसभा की कार्यवाही पर प्रश्न उठाना उचित नहीं है।